Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to establish Institute of Automotive Research Association of India in Adityapur in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand -laid.

श्री बिद्युत वरण महतो (जमशेदपुर): प्राचीन काल से ही हमारा देश व्यापार एवं व्यवसाय को प्राथमिक स्तर की वरीयता देने वाला रहा है । मध्ययुगीन काल से ही, यदि हम भारतीय इतिहास को देखें तो वहां से भारत की स्थिति व्यापार एवं व्यवसाय में अव्वल रही है । वर्ल्ड बैंक के अनुसार व्यापार सुगमता सूचकांक पर एक रिपोर्ट के मुताबिक उद्योग-व्यवसाय की दृष्टि से झारखण्ड पूरे भारत में तीसरे स्थान पर है । हमारे राज्य झारखण्ड में उद्योग व्यवसाय लगाना और चलाना एवं दूसरे राज्यों की अपेक्षा औद्योगिक पॉलिसी को सरल एवं बहुत ही आसान बनाया गया है । झारखंड राज्य में निवेशकों को प्रोत्साहन देने हेतु फरवरी माह में हमारी सरकार द्वारा झारखण्ड मेमोंटम प्रोग्राम आर्गेनाईज किया गया, जिसमें भारी संख्या में देश-विदेश के निवेशकों ने भाग लिया । आज झारखण्ड में बहुत से उद्योग स्थापित हो रहे हैं । इससे झारखण्ड में रोजगार के नये अवसर उपलब्ध हो रहे हैं और झारखण्ड इस तरह से तेजी से बदल रहा है । हमारे राज्य में टाटा जैसे ऑटोमोबाईल उद्योग 109 वर्ष पहले मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर (झारखण्ड) में स्थापित हुआ है और आज देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्व है । इस तरह उद्योग के कारण हमारे संसदीय क्षेत्र में हजारों एन्सलरीज ऑटोमोबाईल उद्योग खुल चुके हैं, आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र झारखण्ड का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है । जमशेदपुर ऑटोमोबाईल की दृष्टि से सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र होने के बावजूद आज पूरे भारतवर्ष में ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) जैसे संस्थान केवल एक ही जगह मात्र पुणे (महाराष्ट्र) में है । पूरे देश में एक ही संस्थान होने के कारण कहीं न कहीं ऑटोमोबाईल्स उद्योग को आगे बढ़ने में बाधा उत्पन्न हो रही है ।

अतः मैं माननीय मंत्री भारी उद्योग और लोक उद्यम से मांग करता हूं कि हमारे संसदीय क्षेत्र, जो टाटा जैसे उद्योग बसने के कारण जमशेदपुर को टाटानगर से जाना जाता है, इसी के अंतर्गत आदित्यपुर में ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया

(एआरएआई) का संस्थान खोलने की कृपा की जाये, जिससे पूर्वोत्तर राज्यों का तेज गति से विकास हो सके ।